

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–247/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

बच्चे बड़े सपने देखें, जागरूक रहें और जिम्मेदार नागरिक बनें– राज्यपाल

पटना 20 नवम्बर, 2026 :– माननीय राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने यूनिसेफ, बिहार द्वारा बिहार लोक भवन में आयोजित विश्व बाल दिवस, 2026 कार्यक्रम में भाग लिया। इस वर्ष विश्व बाल दिवस की थीम "मेरा दिन, मेरे अधिकार, मेरा भविष्य" है, जो बच्चों के अधिकारों, आकांक्षाओं तथा अपने भविष्य के निर्माण में उनकी भागीदारी के महत्व को रेखांकित करती है।

बच्चों के साथ संवाद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज सूचना एवं तकनीकी क्रांति का युग है। उन्होंने बच्चों से जागरूक रहने, उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने तथा तकनीकी प्रगति के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को कहा। साथ ही, उन्होंने तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता से बचने तथा स्वतंत्र रूप से सोचने की क्षमता विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने तकनीकी विषयों के साथ सामाजिक विज्ञान के विषयों का भी अध्ययन करने को कहा।

राज्यपाल ने माता–पिता एवं बच्चों के बीच संवाद की आवश्यकता पर जोर देते हुए बच्चों से खुले विचार रखने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का आह्वान किया। उन्होंने स्वच्छता अपनाने, स्वास्थ्य का ध्यान रखने तथा जीवन में मार्गदर्शन के लिए एक–दो मेंटर रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक अच्छा इंसान बनने के लिए सभी जेंडर के प्रति सम्मान का भाव रखना आवश्यक है।

उन्होंने बच्चों को अपनी मातृभाषा के साथ अंग्रेजी सीखने, नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने तथा अपने आसपास की घटनाओं के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने सहज एवं खुशहाल जीवन जीने तथा जीवन में हास्य–विनोद को भी महत्व देने की बात कही। उन्होंने बच्चों से कम जागरूक बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा सुविधाओं से वंचित बच्चों की मदद करने को कहा।

वर्ष 2047 तक भारत को विकसित एवं विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज के बच्चे ही कल के नेतृत्वकर्ता होंगे। उन्होंने बच्चों से बड़े सपने देखने, ऊँची आकांक्षाएँ रखने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से करने का आह्वान किया।

आगे पृष्ठ...2 पर

इस अवसर पर बच्चों ने भी राज्यपाल से विभिन्न प्रश्न पूछे। उन्होंने अपनी आकांक्षाओं, अधिकारों आदि से संबंधित विचारों एवं अनुभवों को भी साझा किया। बच्चों ने कविता, कहानी एवं आलेखों से सुसज्जित बाल शपथ बुलेटिन भी प्रस्तुत किया, जिसमें बाल अधिकारों एवं उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों को रचनात्मक ढंग से अभिव्यक्त किया गया था।

कार्यक्रम को यूनिसेफ, बिहार की क्षेत्र प्रमुख सुश्री मोनिका ओ निलसेन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन, राज्यपाल की सचिव श्रीमती रचना पाटिल, किलकारी के बच्चे, यूनिसेफ, बिहार के पदाधिकारी एवं कर्मीगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

.....